तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 रजत जयंती महोत्सव : जिला स्तरीय पुस्तक मेला



## खबर संक्षेप

### अनूपपुर में नेशनल लोक अदालत आज

**अनूपपुर।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को देशभर की अदालतों में किया जाएगा। यह एक वैकल्पिक मंच है, जहां लंबित मामलों और ट्रैफिक चालानों सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का मैत्रीपूर्ण समाधान किया जाता है। इसे राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) द्वारा राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सहयोग से आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य त्वरित और किफायती न्याय प्रदान करना है। नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौते होंगे। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियन्ता अरुणेन्द्र प्रसाद मौर्य ने बताया कि 13 सितंबर को न्यायालय परिसर अनूपपुर में नरेन्द्र पटेल विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम की अदालत में आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरणों को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा।

### जिला क्रिकेट संघ के सीनियर वर्ग का ट्रायल

**मनेन्द्रगढ़।** छग क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-14, 16, 19, 23 व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल संपन्न हुए। ट्रायल की पूरी प्रक्रिया सीएससीएस से आए आब्जर्वर शेख अनवर की देखरेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रैना, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित उपस्थित रहे।

### 146 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

**अनूपपुर।** गुरूवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए शासन द्वारा विभिन्न प्रयास समय-समय पर किए जा रहे हैं। उन्हीं में से स्कूटी वितरण योजना एक प्रयास है, जो विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित किया जा रहा है। इस योजना के तहत हायर सेकेंडरी स्कूलों के टॉपर विद्यार्थियों को ई-स्कूटी / आईसीई स्कूटी का वितरण किया जाता है।

### 6 पहिया वाहन के प्रवेश पर लगी रोक

**अनूपपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं सुधारात्मक कार्रवाई के संबंध में जिला सड़क सुरक्षा समिति अनूपपुर की बैठक कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के परिपेक्ष्य में नगर पालिका अनूपपुर द्वारा अंडर ब्रिज की ओर से पॉलिटेक्निक कॉलेज जाने वाले रास्ते में 6 पहिया वाहन प्रवेश को रोकने के लिए लोहे की रेलिंग लगाई गई है, इससे पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों तथा आसपास के रहवासियों को सुविधा होगी।

### निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर 15 को

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा श्रमिकों एवं आमजन के बेहतर स्वास्थ के लिए स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 15 सितंबर को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मानस भवन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श की सुविधा, दवाई वितरण एवं अन्य बुनियादी चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की जाएगी। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य मजदूर वर्ग व श्रमिक परिवारों को सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी का समय रहते निदान और उपचार सुनिश्चित हो सके।

---

अच्छी बारिश से बंपर पैदावार की उम्मीद, किसान गदगद

# लहलहा रही फसल, फूटने लगीं बालियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

इस वर्ष मानसून की शुरूआत अच्छी हुई और बारिश भी जमकर हुई, इसके चलते किसानों ने समय पर खेती की शुरूआत कर सीजन की प्रमुख फसल धान की रोपाई का कार्य भी पूरा कर लिए। किसानों की प्रकृति की मेहरबानी एवं किसानों की मेहनत के मेल से वर्तमान में खेतों में चारों ओर धान फसल की हरियाली फैली हुई है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जिधर नजर दौड़ाए उधर धान फसल की हरियाली बिखरी हुई है, जिसे देखकर किसान भी खुश है कि इस वर्ष सब कुछ ठीक रहा तो धान की अच्छी फसल की पैदावार होगी। जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले के कई क्षेत्रों के खेतों में धान की फसल में बालियां निकलनी शुरू हो गई है। हालांकि अभी ज्यादातर खेतों में लगे धान की फसल में बालियां नहीं निकल रही, बल्कि कुछ ही खेतों में धान की बालियां निकल रही है जो अर्ली वैरायटी के किस्म के धान है। हालांकि आगामी कुछ दिनों में अनेक क्षेत्रों के खेतों में धान की फसल से बालियों की कोपले निकलनी शुरू हो जाएगी, इनमें दाने भरने भी शुरू हो जाएगी। कुछ दिनों बाद सभी क्षेत्रों के खेतों बिखरी धान फसल की हरियाली में धान की बालियां दिखाई देने लगेंगी।

### कीटों का प्रकोप धान फसलों पर

किसानो से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में धान की फसलों पर कुछ खेतों में कीट प्रकोप की शुरूआत हो रही है, इसके अलावा बाकी तनाछेंदक व अन्य तरह के रोग भी धान की फसलों में लग रहा है। ऐसे में किसानों को त्वरित ही धान फसल को सुरक्षित रखने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव करने की जरूरत है ताकि कीट प्रकोप का विस्तार न होने पाए।

### तीन गुना जलभराव, 14 एकड़ में सिंचाई की सुविधा

भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा बीते वर्षों से मिशन अमृत सरोवर नामक अभियान चलाया गया है, जिसका लाभ अब ग्रामीण क्षेत्रों में परिलक्षित होने लगा है। बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम बिशुनपुर में एक पुराना तालाब गाद जमने से अनुपयोगी हो गया था, परंतु मिशन अमृत सरोवर के तहत उसके नवीनीकरण के बाद यह ग्राम पंचायत का एक बेहतरीन बहुपयोगी जल संसाधन बन गया है। आज इस अमृत सरोवर में पहले से तीन गुना ज्यादा जलभराव क्षमता हो चुकी है और अब आस पास के कई एकड़ खेतों में सिंचाई के लिए इस संसाधन का उपयोग हो रहा है। ग्राम पंचायत बिशुनपुर में स्थित तालाब को ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत नवीनीकरण कार्य के लिए 9 लाख 14 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। इस तालाब के एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में 10 हजार घनमीटर से ज्यादा जलभराव क्षमता हो गई है।

### दर्जनों ग्रामीणों के लिए आजीविका का आधार

बिशुनपुर के दर्जनों ग्रामीणों के लिए यह एक आजीविका का माध्यम बनकर तैयार हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब का सीधा फायदा यहां निवासरत 41 परिवारों को खेती में सिंचाई के संसाधन के तौर पर और मछलीपालन की आजीविका से हो रहा है। अमृत सरोवर बिशुनपुर से आसपास के किसानों के कुल 14 एकड़ खेतों में सिंचाई की सुविधा बढ़ गई है तथा 200 स्थानीय पशुओं के लिए बारहमासी पेयजल उपलब्ध हो रहा है। ग्राम पंचायत बिशुनपुर में अमृत सरोवर अब आजीविका का एक संसाधन बन गया है। यहां कार्यरत स्थानीय स्व सहायता महिला समूह को मछली पालन से प्रतिवर्ष 2 लाख तक की आय हो रही है।



---

# 10804 वाहनों से 41 लाख समन शुल्क की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



कार्रवाई करती यातायात पुलिस।

जिले में अपराध नियंत्रण और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान का व्यापक असर दिख रहा है। चेकिंग के दौरान क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले 21 आटो चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

वर्ष 2025 में अब तक एमव्ही एक्ट के तहत 10,804 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 41 लाख 70 हजार 500 रूपए का समन शुल्क वसूल किया गया है। अपराध और हादसों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चौक-चौराहों व राज्य मार्गों पर लगातार चेकिंग और रात्रि गश्त की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, हेलमेट का उपयोग करें और वाहन के समस्त दस्तावेज पूरे रखें। इस कार्रवाई में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, एएसआई धनंजय सिंह, किशुन राम भगत सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### युवकों के हाथों से कड़े हटवाए गए

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान चलाया गया। 11 सितंबर को चेर रोड प्वाइंट पर चेकिंग के दौरान 15-20 युवकों के हाथों से लोहे के मजबूत कड़े उतरवाए गए। पुलिस ने समझाइश दी कि ऐसे कड़े कई बार हथियार के रूप में इस्तेमाल कर वारदातों में काम आ चुके हैं। एसपी श्री कुर्रे ने नागरिकों से अपील की है कि वे खतरनाक कड़ों का उपयोग न करें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।



कार्रवाई करती यातायात पुलिस।

---

# टीईटी उत्तीर्ण की अनिवार्यता से शिक्षकों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में शिक्षकों सेवा में बने रहने के लिए दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है, वहीं नई भर्ती में टीईटी उत्तीर्ण धारकों को ही शिक्षक भर्ती के अनिवार्य किया गया है। इस तरह शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का आदेश अहम हो गया। इस आदेश से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से कोरिया जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक प्रभावित होंगे। जिले में प्राथमिक स्कूलों में पदस्थ कई शिक्षक टीईटी पास नहीं किए हैं, अब उन शिक्षकों को भी टीईटी पास करने के लिए दो साल का समय दिया गया है, वहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार जिन शिक्षकों का सेवाकाल 5 वर्ष से कम है,उन्हें टीईटी पास करने की अनिवार्यता से छूट दी गई है, लेकिन जिनका सेवा 5 वर्ष से अधिक बचा है, उन्हें सेवा में बने रहने एवं प्रमोशन के लिए अब टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया। इस आदेश को लेकर शिखकों में हड़कंप मचा हुआ है। कोरिया जिले में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कुल इतने शिक्षक है, इनमें से अधिकांश टीईटी पास नहीं किए हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2011 से टीईटी अनिवार्य किया गया है, लेकिन इसके बाद हुई शिक्षक भर्ती में छूट दी गई थी , लेकिन बाद के शिक्षक भर्ती में टीईटी को अनिवार्य कर दिया गया। बीते वर्ष शिक्षकों के नियमित भर्ती में टीईटी क्वालिफाई ही शिक्षक भर्ती में शामिल हुए और नियुक्त किए गए। इस तरह नियमित भर्ती प्रदेश में जब से शुरू हुई, उन्हें कोई दिक्कत आदेश से नहीं है, बल्कि इसके पूर्व के नियुक्त शिक्षकों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से नौकरी पर तलवार लटकने लगा है।

### शिक्षकों में बढ़ी बेचैनी

सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने के फैसला आने के बाद कोरिया जिले के बड़ी संख्या में शिक्षकों की बेचेनी बढ़ गई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में सहायक शिक्षक, इतने संख्या में शिक्षक तथा इतने संख्या में व्याख्याता कार्यरत हैं।

### शिक्षकों के लिए जरूरी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद एनसीआरटी ने वर्ष 2011 से शिक्षक भर्ती के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है, इसके तहत कक्षा पहली से 8 वीं तक अध्यापन कार्य कराने वाले सभी शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया।

### प्रतिवर्ष टीईटी परीक्षा का नहीं होता आयोजन

प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए टीइटी अनिवार्य किए जाने के आदेश के बाद छग में प्रतिवर्ष टीईटी का आयोजन ही नहीं किया जाता है। कोरोना काल के बाद भी प्रतिवर्ष टीईटी का आयोजन नहीं हुआ, जबकि प्रतिवर्ष बीएड, डीएलएड प्राप्त कर हजारों की संख्या में युवक-युवतियां निकल रही है।

---

## गर्भवती महिला पर भालू ने किया हमला

**अम्बिकापुर।** महेंद्रगढ़ ब्लॉक के बिहारपुर पंचायत के ग्राम छिरछा निवासी शांति बाई पति ब्रम्हा नंद (30 वर्ष)10 सितंबर की सुबह घर से महज कुछ दूर खेत की ओर गई थी। इस दौरान भालू ने गर्भवती महिला पर हमला कर घायल कर गंभीर रूप से चेहरे को नोंच लिया। इधर महिला किसी तहर भालू से जान बचाकर घायल अवस्था में घर पहुंची। महिला की हालत को देख परिजन ने तत्काल उसे निजी वाहन से मनेंद्रगढ़ अस्पताल में दाखिल किया। डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। महिला को परिजन 108 से रायपुर लेकर जा रहे थे तभी मडई के पास प्रसव पीड़ा होने पर ईएमटी -सत्येंद्र सिंह एवं पायलेट खेल साय ने रात्रि 9.11 बजे महिला का सुरक्षित प्रसव कराया।

---

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का प्रचार रथ रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मनेन्द्रगढ़ से विशेष प्रचार रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अभियंता एनपी सिंह के मार्गदर्शन में विद्युत विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा और विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षदगण व विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी काफी संख्या में उपस्थित रहे। विशेष प्रचार रथ के माध्यम से आने वाले दिनों में मनेन्द्रगढ़ शहर के प्रत्येक मोहल्ले और वार्ड तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाएगी। इस रथ की खासियत यह है कि यह न केवल योजना की जानकारी देगा बल्कि मौके पर ही नागरिकों का पंजीयन भी करेगा, जिससे लोगों को प्रक्रिया संबंधी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया को अब और अधिक सरल व त्वरित बनाया गया है, जिससे लोग योजना को लेकर उत्साहित हैं।

यह रथ एक सप्ताह तक लगातार शहर में भ्रमण कर लोगों को सौर ऊर्जा के महत्व, उसके पर्यावरण व आर्थिक लाभों के बारे में जागरूक करेगा।



---

## पेंशनर्स समाज का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**अम्बिकापुर।** छग पेंशनर्स समाज द्वारा प्रतिमाह होने वाली मासिक बैठक कार्यक्रम को नया आयाम देते हुए निर्धारित तिथि माह के दूसरे शनिवार 13 सितंबर की सुबह 10 बजे से सियान सदन भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया है। शिविर में निजी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं चिकित्सा तथा सलाह दी जाएगी। स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत एवं अध्यक्षता ननि सभापति हरमंदिर सिंह टिन्नी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में करताराम गुप्ता, पार्षद मनोज गुप्ता, रविन्द्र भारती उपस्थित रहेंगे। चिकित्सकों में डां. स्नेहा सिंह स्त्री रोग, डॉ. विनय कार्तिक हड्डी रोग, डॉ. सूरज, एम राठिया न्यूरो सर्जन, डॉ. देवांगन पाल चौधरी जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं एम मेडीसन अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है।

---

# कृषि केन्द्र का लायसेंस 21 दिनों के लिए निलंबित

**बैकुण्ठपुर।** जिले के पटना स्थित मनोज कृषि केन्द्र का लायसेंस निलंबित किया गया है। विदित हो कि कोरिया जिले में किसानों को सहूलियत देने के लिए कई कृषि सेवा केन्द्रों को लायसेंस जारी किया गया है। साथ ही इनके नियमानुसार संचालन के भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में कृषि सेवा संस्थाओं का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पटना स्थित मनोज कृषि केन्द्र का निरीक्षण गत सप्ताह किया गया। विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि खाद और अन्य कृषि सामग्री का विक्रय दर, उनके भंडारण और वितरण का लेखा जोखा निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं किया गया है, इसलिए मनोज कृषि केन्द्र के संचालक को नोटिस जारी कर उनका लायसेंस आगामी 21 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि फर्म द्वारा कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



निरीक्षण करते अधिकारी।

---

# औढेरा के जंगल पहुंचा हाथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

एक अकेला नर हाथी सोमवार की शाम कठौतिया के जंगल से वन परिक्षेत्र बुढ़ार के विभिन्न ग्रामों से लगे जंगल से निकलता हुआ लगभग 30 किमी का रास्ता तय करते हुए बीते दिनों सुबह अनूपपुर के औढेरा के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है।

यह हाथी रात के समय जंगल से लगे ग्रामो टोला में पहुंचकर ग्रामीणों के घर, खेत एवं बांडियों में लगे, रखें विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बनाया है। एक अकेला नर हाथी 12 वें दिन जिले के साथ बुढ़ार क्षेत्र में विचरण करता हुआ अनूपपुर तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के किरर बीट के औढ़ेरा ग्राम से लगे जंगल में पहुंचा है, यह हाथी सोमवार की सुबह वन परिक्षेत्र अहिरगवां के कठौतिया पूर्व के जंगल में दूसरे दिन ठहरने बाद देर शाम एवं रात को जंगल से निकलकर शहडोल जिले के बुढ़ार इलाके के शिलपरी गांव के ऊपर जंगल में बसे बैगा बाहुल्य दलान टोला में एक घर में तोड़-फोड कर ददराटोला से सोनहा में एक ग्रामीण की बाड़ी से बदरचुई, खोह से अनूपपुर थाना, तहसील एवं वन परिक्षेत्र के बड़हर गांव से किरर बीट के जंगल जो औढेरा गांव से लगा है, जहां विश्राम कर रहा है।

---

## 15 से 85 हजार तक की तैयार हो रहीं मूर्तियां

# देवी प्रतिमाओं को अंतिम रुप में देने में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ शारदीय नवरात्रि 22 से

पितृपक्ष समाप्त होने के दूसरे दिन से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो रही है, इसके लिए करीब एक सप्ताह का ही समय शेष बचा हुआ है, इसे देखते हुए शहर के विभिन्न जगहों पर मां दुर्गा सहित अन्यदेवी-देवताओं की मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकारों के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं के अलावा अन्य देवी-देवताओं के प्रतिमाओं को रंग-रोगन करने में जुट गए हैं।

शहर के कई जगहों पर बंगाल के मूर्तिकारों के द्वारा मां दुर्गा तथा अन्य देवताओं के मूर्तियां बना लिए है, जिनका रंग-रोगन करने में जुट गए हैं। बनाई गई सभी मूर्तियों को रंग-रोगन करने के बाद सजाने के काम शुरू किया जाएगा। करीब एक सप्ताह का समय शेष बचा हुआ है, ऐसे में मूर्तिकारों के द्वारा जल्द काम पूरा करने के लिए दिन रात कार्य करते हुए मूर्तियों को अंतिम रूप देने के कार्य में जुट गए हैं। उल्लेखनीय है कि मूर्तिकारों के द्वारा शहर के कई जगहों पर अपना ठिकाना बनाकर बरसात शुरू होने के पूर्व से ही भगवान गणेश की प्रतिमा के अलावा दुर्गा माता एवं अन्य देवी-देवताओं के मूर्तियां बनाने शुरू कर दिए थे। भगवान गणेश की प्रतिमा को पूरा करने के बाद मूर्तिकार मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों को तैयार ▶▶ शेष पेज 4 पर



मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार करते मूर्तिकार।

### इस बार अधिकतम 85 हजार तक की मूर्तियां

शहर के स्कूलपारा में मूर्ति गढ़ रहे कटगोड़ी निवासी मूर्तिकार केवल प्रसाद ने बताया कि उनके यहां कई साइज की देवी मूर्तियां बनाई गई है। उन्होंने बताया कि उनके यहां इस बार अधिकतम 85 हजार रूपए तक की मूर्तियां बनाई गई है, इसके अलावा उनके यहां 15 हजार रूपए से मूर्तियों की कीमत की शुरूआत है और साइज के अनुसार मूर्तियों के दाम निर्धारित किए गए हैं।

---

# गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क में पहुंचे 8 हजार पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़



छग का गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क प्रमुख पर्यटन केन्द्र के रूप में उभर रहा है। यहां 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवाष्म पाए गए हैं। दो साल पहले तक यह क्षेत्र बिना संरक्षण के खाली पड़ा हुआ था। वन विभाग से इसके संरक्षण की पहल हुई। मनेन्द्रगढ़ डीएफओ मनीष कश्यप (आईएफएस 2015 बैच) ने यहां पर्यटन की दृष्टि से अलग-अलग कार्य किए हैं जो संभवतः देश के किसी दूसरे फॉसिल पार्क में नहीं हुआ है।

इस क्षेत्र को गुजरात और झारखंड के डायनासोर फॉसिल पार्क के तर्ज पे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। हसदेव नदी के किनारे प्राकृतिक हार्ड ग्रेनाइट रॉक्स को काट के प्राचीन जीव-जंतुओ की कला कृतियां बनाई गई है, जो लोगों को आकर्षित कर रही है। बड़े पत्थरों को तराश के जमीन, पानी और एम्फीबियन के 35 प्राचीन जानवरों की मूर्तियां बनाई गई है, इसको देख के पर्यटक समझ सकते हैं कि पृथ्वी में पहले किस तरह के विशालकाय जानवर हुआ करते थे, जहां इंसान का रह पाना संभव नहीं था। इस तरह का यह छग में पहला रॉक गार्डन है, इसके अलावा इंटरप्रिटेशन सेंटर भी बनाया गया, जहां पर्यटक फॉसिल के पत्थर को देख सकते हैं और फॉसिल बनने की प्रक्रिया को भी पेंटिंग के माध्यम से जान रहे हैं। इंटरप्रिटेशन सेंटर में टीवी डिस्प्ले भी स्थापित की गई है, इसमे वीडियो के माध्यम से लोग जान सकेंगे की करोड़ो साल पहले पृथ्वी कैसे बना और अब तक ▶▶ शेष पेज 4 पर



12 Sept- Jash-Coriya-Bhoomi pg-2_Layout 1 9/12/2025 8:03 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**बिश्रामपुर।** नर्सिंग काउन्सिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग बिश्रामपुर के अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है,उक्त कॉलेज के 10 विद्यार्थी उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं। रिंकी राजवाड़े, अंजु सोनी, शालिनी एक्का, राजकुमारी राजवाडे, अनिमा बेक, पूनम प्रजापति, दीपेश, अलका टोप्पो, विभा एवं विनिता ने उत्कृष्ठ अंक प्राप्त कर अपने उत्कृष्ठ प्रदर्शन से कॉलेज और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के संचालक विजयराज अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2014 में वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग की शुरुआत की गई थी तभी से नए उंचाईयों को स्पर्श कर रहा है। उन्होंने बताया कि वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग से उत्तीर्ण उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली दो छात्राओं को नर्सिंग कालेज में ट्यूटर के पद पर नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। संस्था के प्राचार्य आदित्य सिंह ने कहा कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है।

### स्कूली बच्चों को दी गई आयुर्वेदिक औषधि की जानकारी



**सोनगरा।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान के तहत श्याम नगर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद औषधी के संबंध में जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य एवं आयुष केंद्र सोनगरा के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष सिंह ने आयुर्वेद एवं योग, प्राणायाम के दैनिक जीवन में उपयोगिता, रोग प्रतिरोधक घरेलु औषधि अदरक, तुलसी, कालीमिर्च, पीपली, आमला, हरितकी, बहेड़ा, गिलोय, एलोवेरा, लेमनग्रास, अश्वगंधा, शतावारी, अशोक आदि औषधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. निकिता टोप्पो ने आयुरविद्या से सम्बंधित सभी विषयों जैसे दिनचर्या, रात्रिचार्य, ऋतुचार्य, आहार विहार, सदवृत के बारे में बताते हुए छात्र छात्राओं को आयुर्वेद के महत्ता को बताया। इसी बीच स्वास्थ्य जागरूकता नवाचार के तहत स्वास्थ्य जागरूकता सांप सीढ़ी खेल के आयोजन में 9वीं एवं 10 वीं के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य प्रदीप जायसवाल, व्याख्याता अजय कुमार पटवा, लीलाधर नायक, सुचित्रा सिंह, कलिस्ता तिर्की, एमपी डब्लू. तुलेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शिव पार्क में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस दी गई श्रद्धांजलि



**सूरजपुर।** शिव पार्क में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के स्मृति में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनमण्डलाधिकारी पंकज कुमार कमल द्वारा वन विभाग के शहीद कर्मचारियों के फोटो में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पण किया गया। वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि प्रतिवर्ष 11 सितम्बर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार ने सन 2013 में इस दिवस को राष्ट्रीय वन शहीद के रूप में मनाना प्रारंभ किया गया था। वृक्षों की रक्षा के लिए लोगों ने अपना बलिदान किया था। सन 1730 में राजस्थान के बिश्नोई संप्रदाय के 363 महिला एवं पुरूषों द्वारा खेजड़ी के वृक्षों से लिपटकर अपने प्राण त्याग दिए किंतु वृक्षों को नहीं काटने दिए। इस आंदोलन का नेतृत्व अमृता देवी बिश्नोई ने किया था।। कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी उमेश कुमार वस्त्रकार, परिक्षेत्र सहायक रमेश सिंह, धीरेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार जायसवाल, हुबलाल यादव, राजाराम यादव, महेन्द्र प्रसाद सहित वन परिक्षेत्र के समस्त कर्मचारियों द्वारा शिव पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



धरना-प्रदर्शन में शामिल एनएचएम कर्मचारी।

### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे हड़ताल

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 25 वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 25 वें दिन भी धरना स्थल पर डटे हुए हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। गत दिन भी कर्मचारियों ने जल सत्याग्रह कर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया। लंबे समय से कर्मचारियों के धरने पर बैठे रहने से अब अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने लगी है बावजूद इसके कर्मचारियों की मांग पर आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी जिससे कर्मचारी आंदोलन का वृहद रूप देने की तैयारी में है।

**खास बात**

- मांग पूरा नहीं होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

नियमितीकरण, वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारी पिछले माह 18 अगस्त से हड़ताल पर है। ऐसे में एनएचएम के चिकित्सक, मनोरोग विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, फार्मासिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य संविदा कर्मियों के धरना प्रदर्शन करने से अब अस्पताल की व्यवस्था चरमराने लगी है। पीएचसी हो या सीएचसी के अलावा जिला अस्पताल के साथ अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही है। शहर में मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित कई निजी अस्पताल होने के कारण लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति गंभीर है। अस्पताल आने वाले मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल को शुरू हुए आज 25 दिन हो गए। इस बीच जिले के एनएचएम के सैकड़ों कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करने के साथ ही शहर में भीख मांगकर, खून से पत्र लिखकर, चुनरी यात्रा और सामूहिक इस्तीफा देने तथा जल सत्याग्रह कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया लेकिन इसका भी असर नहीं हो सका। धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से प्रदर्शन कर रहे है। इसके पूर्व कई बार शासन को ज्ञापन दिया जा चुका है। अब एक तरफ सरकार वार्ता कर रही है और दूसरी ओर अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। मांग पूर्ण नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**मरीजों की बढ़ी परेशानी**

एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से शासकीय अस्पतालों के ताले लगे हुए हैं। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भीड़ लगातार बढ़ रही है। चिकित्सक के नहीं होने तथा मरीजों की जांच नहीं होने मरीज सहित परिजन की परेशानी काफी बढ़ गई है। ऐसे में परिजन मरीज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल या निजी अस्पताल ले जाने को मजबूर है।

## एसईसीएल प्रबंधन व श्रमिक यूनियन नेताओं की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में मंगलवार को श्रमिक नेताओं और प्रबंधन के बीच एक अहम बैठक हुई,यह बैठक महामंत्री कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा द्वारा सौंपे गए 17 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा के लिए बुलाई गई, बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने की,बैठक में बलरामपुर खदान को अस्थाई बंद करने पर आपत्ति जताते हुए श्रमिकों ने कहा कि यहां 30 लाख टन से अधिक कोयले का भंडार उपलब्ध है,खदान में लंबे समय से काम कर रहे श्रमिकों ने विपरीत परिस्थितियों में भी उत्पादन जारी रखा और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी हासिल किया,श्रमिकों ने मांग की है कि आउटसोर्सिंग पर रोक लगाकर खदान को तुरंत शुरू किया जाए,इस पर प्रबंधन ने बलरामपुर खदान को सीटीओ क्लीयरेंस मिलते ही फिर से संचालन शुरू करने का भरोसा दिया और इसके लिए 6 समरसिबल पंप लगाने का निर्णय लिया,कुम्दा क्षेत्र में बिजलीघर की राखड़ को ओपन कास्ट खदान के गढ्ढों में भरे जाने पर गंभीर आपत्ति जताई गई,श्रमिकों का कहना था कि इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है,जिस पर प्रबंधन ने ट्रकों की आवाजाही केवल निर्धारित मार्ग से कराने का आदेश जारी कर कुम्दा गेट से प्रवेश पर रोक लगाई है,सड़क व बिजली की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रों में जल्द समाधान की मांग की गई,जिस पर प्रबंधन ने सड़क मरम्मत और नई लाइट लगाने का काम एक सप्ताह में शुरू करने का आश्वासन दिया है।कुम्दा के एएमसी और एसटीपी में अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया,जिस पर प्रबंधन ने एएमसी और एसटीपी की जांच दो सप्ताह में पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है,कुम्दा चिकित्सालय में डॉक्टर और दवाओं की कमी की शिकायत और स्थाई चिकित्सक व सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठी, जिस पर प्रबंधन ने कुम्दा कॉलोनी में दवाई वितरण पारदर्शी तरीके से कराने का निर्देश दिया,श्रमिकों ने कॉलोनी की साफ-सफाई व आवास मरम्मत के नाम पर हो रहे करोड़ों रुपये के खर्च में गड़बड़ियों की जांच की मांग की,जिस पर प्रबंधन ने जल्द ही जांच कराकर न्याय उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है,अनुचित आवास आबंटन,भूमिगत खदान से मनमाने स्थानांतरण,रविवार की ड्यूटी में भेदभाव,माइनिंग स्टॉफ की कमी,संवेदनशील पदों पर मनमाने ट्रांसफर जैसे मुद्दों पर भी श्रमिकों ने कड़ा रुख दिखाया है,जिस पर प्रबंधन ने संवेदनशील पदों पर स्थानांतरण की जांच के लिए कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है,डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में बच्चों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष बनाने की मांग भी रखी गई,जिस पर प्रबंधन ने डीएवी स्कूल में अतिरिक्त कमरे बनाने का प्रस्ताव कंपनी मुख्यालय को भेजने पर सहमति जताई है,इसी तरह अन्य मुद्दों पर भी चले लंबी चर्चा उपरांत अब एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा द्वारा 11 सितंबर को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं 12 सितंबर को प्रस्तावित आत्मदाह कार्यक्रम को अस्थाई तौर पर फिलहाल स्थगित कर दिया है,इस दौरान महाप्रबंधक संचालन गिरीश कुमार राय,क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह,एचआर एसकेपी शिंदे,मुख्य चिकित्सा अधिकारी यूएस बैठा,ईएंडएम एए क्षीरसागर, वित्त प्रबंधक मुकेश वैरवा,एचआर प्रबंधक एचएस तिवारी,पर्यावरण अधिकारी गौतम दास के अलावा कई यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- कई अहम मुद्दों पर बनी सहमति

## डेढ़ साल में कछवारी नाले की पुलिया क्षतिग्रस्त कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



क्षतिग्रस्त पुलिया।

दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ के आश्रित ग्राम कछवारी में मनरेगा के तहत निर्मित पुलिया डेढ़ साल में ही ढहने की कगार पर पहुंच गई है। पुलिया की जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

ग्राम खोहिर के बीच से एक पहाड़ी नाला गुजरता है। बारिश होने पर नाला में पहाड़ों का पानी पहुंचने पर बस्ती में पहुंचना मुश्किल हो जाता था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत ने वर्ष 2023 में मनरेगा के तहत नाले पर पुलिया का निर्माण कराया था। पुलिया बनने के बाद ग्रामीणों को नाले के पानी के बीच से गुजरने की समस्या समाप्त हो गई। अब न केवल ग्रामीण बल्कि ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन भी गांव तक आसानी से पहुंच रहे है। पुलिया निर्माण के लिए दोनों तरफ ईंट की दीवार खड़ी कर स्लैब की ढलाई की गई थी। एक पखवाड़े पूर्व हुई भारी बारिश के दौरान नाले के तेज बहाव में पुलिया की एक दीवार बह गई साथ ही किनारे की मिट्टी भी कट गई है। ऐसे में क्षतिग्रस्त पुलिया के कभी भी गिरने की संभावना जताई जा रही है। खतरनाक बन चुकी पुलिया से ट्रैक्टर सहित अन्य चार पहिया वाहनों का आवागमन होने के कारण ग्रामीण गंभीर हादसा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। पुलिया के गिरने से आवागमन बंद होने की आशंका से ग्रामीण चिंतित हैं तथा लगातार सरपंच-सचिव से क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है इस बड़ी समस्या को लेकर पंचायत प्रतिनिधि उदासीन बने हैं तथा क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराने की पहल नहीं कर रहे हैं जिससे ग्रामीण नाराज हैं। ग्रामीण सरपंच सचिव पर गुणवत्ताहीन पुलिया निर्माण करने का भी आरोप लगा रहे हैं।

इस संबंध में ओड़गी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलेश कुमार सोनी ने बताया कि पुलिया निर्माण की जांच कराने के साथ ही उसकी मरम्मत कराने की पहल तत्काल की जाएगी।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में सेंधमारी, एक लाख की चोरी

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में दतिमा चौक से पूर्व लक्ष्मणपुर ग्राम स्थित प्रिंस इलेक्ट्रॉनिक्स के साइड की दीवार में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंध मारकर दुकान के काउंटर में रखा 35 हजार रुपये नगद लैपटॉप सहित दुकान में विक्रय के लिए रखे कई सामानों को पार कर दिया है। चोरी किये गए नगदी सहित सामानों की कीमत एक लाख रुपये के करीब बताई गई है।

दुकान संचालक रमेश गुप्ता की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4),305 के तहत केस दर्ज किया है,पुलिस में दर्ज कराए शिकायत में दुकान संचालक रमेश गुप्ता ने बताया कि बिश्रामपुर भटगांव मार्ग में नितिन फ्यूल पेट्रोल पंप के कुछ दूरी पर उनकी प्रिंस इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम की दुकान है,बुधवार की शाम सात बजे के करीब वह दुकान बंद कर अपने शिवनंदनपुर स्थित घर आए थे,दूसरे दिवस जब वह दुकान खोलने प्रातःनौ बजे पहुंचे तो पाया कि दुकान के साइड दीवार में अलग अलग दो जगहों पर सेंध मारी हुई है और दुकान का सामान जहां तहां बिखरा पड़ा हुआ है,भीतर जाकर देखने पर काउंटर में रखा 35 हजार नगद लैपटॉप सहित 20 बंडल कॉपर वायर,स्टार्टर, कूलर,दो नग गद्दा,वाटर हीटर सहित अन्य सामान चोर अपने साथ ले गए हैं,साथ ही चोर दुकान में लगे सीसी टीवी का डीबीआर भी अपने साथ ले गए,दुकान संचालक रमेश गुप्ता ने बताया कि दुकान के बाहर एक लाल रंग की टोपी पड़ी मिली है, उसने पुलिस को कुछ संदेही युवकों के घटना में शामिल होने की आशंका जताई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार होते ही तत्काल 1930 पर करें कॉल : कलेक्टर



**सूरजपुर।** साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्क और जागरूक रहने की जरूरत है, साइबर फ्राड एक गंभीर समस्या है जो लोगों को बड़े पैमाने पर ठग रही है। ऐसे अपराधों से बचने के लिए रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय में एक दिवसीय सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर अपराध से बचाव के लिए सेमीनार का आयोजन किया गया। कलेक्टर व एसएसपी ने छात्रों को जानकारी दी। सेमीनार में साइबर सुरक्षा, यातायात और नशे से बचाव को लेकर पोस्टर, भाषण, नारा लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

- मजबूत पासवर्ड का करें प्रयोग, साइबर अपराधी अपने मंसूबों में होंगे नाकाम : एसएसपी

कलेक्टर एस.जयवर्धन ने साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी लालच या जल्दबाज़ी में आकर कोई ऑनलाइन लेन-देन न करें और सतर्कता को अपनी आदत बनाएं। ठगी होते ही तुरंत 1930 पर कॉल करें। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में समय पर की गई शिकायत से ठगी गई रकम वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि साइबर ठग तभी सफल होते हैं जब हमें साइबर सुरक्षा को लेकर ज्ञान नहीं होता है। साइबर फ्राड से बचने सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। साइबर ठग हर रोज नए-नए तरीके अपना कर लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग खुद सतर्क रहें और जागरूक बनें। कार्यक्रम को विद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष यशवंत सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान सीएसपी एसएस पैकरा, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय, महाविद्यालय के प्राचार्य एचएन दुबे, कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य बृजलाल साहू, प्रो. सीबी मिश्रा, शिक्षक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## युवाओं ने दिखाया 2047 के छत्तीसगढ़ का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



केआर टेक्निकल कॉलेज की रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ 50 एवं विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने कहा कि भूमि, जल, खनिज, भाषा और संस्कृति छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान हैं।

- केआर टेक्निकल कॉलेज में हुई संगोष्ठी

जब तक स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी नहीं होगी, विकास अधूरा रहेगा। वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण केवल सरकार का नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। शिक्षा, तकनीकी, नवाचार और युवा शक्ति के सहयोग से ही हम आने वाले वर्षों में समृद्ध राज्य का निर्माण कर सकते हैं कि छत्तीसगढ़ में संसाधनों की कोई कमी नहीं है आवश्यकता है केवल जागरूकता और योजनाबद्ध प्रयासों की है। निदेशक डॉ.रीनू जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की औद्योगिक आधारशिला धान, कोयला, लौह अयस्क, भिलाई इस्पात संयंत्र, बालको और कोयला खदानों से बनी है। राज्य के प्रत्येक संभाग में चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रबंधन संस्थान तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं की उपस्थिति ने शिक्षा और स्वास्थ्य को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं साथ ही मोबाइल अनुप्रयोगों और डिजिटलीकरण के माध्यम से योजनाओं की सीधी पहुंच आमजन तक हुई है। परंतु चुनौतियां अभी भी विद्यमान है। नियोजन की कमी, पलायन, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और रोजगार सृजन की आवश्यकता प्रमुख है। सड़क, रेल और वायु सेवाओं का विस्तार भी समय की मांग है।

संगोष्ठी में आस्था चक्रधर, नैंसी मनोज यादव, ओनिका राही, स्नेहा, आकाश साहू, पदमा पैकरा, भागवत, निजामुद्दीन, अविनाश बारी, वीरेंद्र केरकेट्टा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### अतिक्रमण होने से चिकित्सा आपातकालीन सुविधाएं हो रही प्रभावित

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर संचालित हो रही अस्थाई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर के सामने प्रांगण में अस्थाई दुकाने लगाकर अवैध अतिक्रमण कर दिया गया है जिस कारण से आपातकालीन सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

गौरतलब है कि शासकीय अस्पताल के मुख्य द्वार एनएच-43 किनारे स्थित लगातार बढ़ते अस्थाई दुकानों और ठेलों ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया है, सड़क पर जाम की स्थिति बनने लगी है, कुछ दिनों पूर्व सूरजपुर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने मामले की गंभीरता को समझते हुए पिलखा नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी बिश्रामपुर को पत्र भेजकर इस अतिक्रमण पर रोक लगाने और शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी।उक्त भेजे गये पत्र में साफ चेतावनी दी गई थी कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह स्थिति गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है,लेकिन प्रशासन ने अब तक इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया है, स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र के बाहर की दुकानें और ठेले अब सड़क तक फैल चुके हैं,यहां खरीददारों की भीड़ और वाहनों की आवाजाही से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है,ऐसे में यहां पर हमेशा किसी बड़ी अनहोनी का खतरा भी बना रहता है,ज्ञात हो कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर यह अवैध चहल-पहल जहां कुछ व्यापारियों को आर्थिक लाभ दे रही है, वहीं मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर पूरे क्षेत्र का एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र है, जहां आसपास के दर्जनों गावों से रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज कराने यहाँ पहुँचते हैं।ऐसे में अस्पताल के मुख्य मार्ग पर बढ़ता अतिक्रमण न केवल आमजन की जान जोखिम में डाल रहा है,बल्कि अस्पताल की छवि और कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहा है। आमजन मानस और अस्पताल प्रबंधन दोनों ही प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं।

## रजा यूनिटी फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



समाज सेवी संस्था रजा यूनिटी फाउंडेशन द्वारा 7 सितंबर को निःशुल्क मेगा मेडिकल व परामर्श कैंप का आयोजन इंद्रवाटिका सभा गृह में किया गया। इस कैंप में रायपुर बिलासपुर तथा सरगुजा जिले के चिकित्सकों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। देर शाम तक चले शिविर में सभी समुदाय से लगभग 1500 महिला पुरुषों ने अपना इलाज करवाया।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग तथा कुछ चिकित्सकों के सहयोग से मरीजों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई। इस मेडिकल कैंप में अलग-अलग बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध थे। शिविर में पैथोलॉजी जांच तथा दवा वितरण किया गया। कैंप में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.फैजुल फिरदौसी, डॉ. शहगील, डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. कंचन मांझी, डॉ हरप्रीत सिंह टुटेजा, डॉ. आशीष सोनी, डॉ. रजत टोप्पो, डॉ. महेंद्र प्रसाद सामल, डॉ. आकाश गर्ग, डॉ मनीष चौरसिया, डॉ.आफरीन, डॉ. विनय कुमार, डॉ. अमीन, डॉ. शील नेताम, डॉ. हबीब खान, डॉ. सहबूब आलम, डॉ. आबिद अली, डॉ नोशीन रिजा, डॉ. जेबा परवीन, डॉ. रितेश गुप्ता, डॉ. मालती नाग आदि ने हृदय रोग, किडनी रोग, हार्मोन रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, सिकल सेल, स्त्री रोग, न्यूरो एवं नस रोग, नाक कान, गला व शिशु रोग आदि का उपचार कराया। आयुर्वेदिक, यूनानी पैथी, फिजियोथैरेपी, आदि के विशेषज्ञ ने भी काफ़ी संख्या में मरीजों का इलाज किया।

## खबर संक्षेप

### लेफ्टिनेन्ट कर्नल जितेन्द्र ने किया पद्भार ग्रहण



**बैकुण्ठपुर।** छग के रायगढ़ निवासी लेफ्टिनेन्ट कर्नल जितेन्द्र कुमार देवांगन ने 9 सितंबर को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बैकुंठपुर में पदभार ग्रहण किया है। ये जिला रायगढ़ के प्रथम और छग के चौथे थल सेना अधिकारी है, जिनकी नियुक्ति इस पद पर हुई है। कर्नल जितेन्द्र कुमार देवांगन ने कोरिया जिला एवं एमसीबी जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, सैन्य विधवाओं को राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाली नवीनतम कल्याणकारी योजनाओं, आर्थिक अनुदान को दिलवाने का संकल्प लिया है। संचालनालय सैनिक कल्याण, छग के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में जिला कोरिया के समस्त भूतपूर्व सैनिक लाभवान्वित होंगे।

### 27 सेवानिवृत्त शिक्षक हुए सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सत्र 2024-25 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय सम्मान समारोह कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता रहे। उनके साथ एमआईएस प्रशासक विनय मोहन भट्ट, एपीसी जयनाथ बाजपेई एवं पूर्व क्रीड़ा अधिकारी मुन्नाराम भगत मंचासीन रहे। समारोह की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल के साथ हुई। इसके पश्चात सेवानिवृत्त शिक्षकों का व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इनमें एलबी संवर्ग के सेवानिवृत शिक्षक भी शामिल रहे। कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल ने प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्त शिक्षक राजेन्द्र सिंह एवं अमरसाय भगत ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए तथा आने वाली पीढ़ी को शिक्षा की गुणवत्ता एवं अनुशासन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथि डीईओ श्री गुप्ता ने अपने उद्बोधन में इस परंपरा को निरंतर बनाए रखने का आग्रह करते हुए सभी शिक्षकों को उनके सेवाकाल में किए गए कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विगत सत्र में सेवानिवृत्त 27 शिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हाल ही में शिक्षक दिवस पर राज्यपाल के हाथों राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता एवं शिक्षिका श्रीमती विवेक सिद्दीकी को भी शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने आभार व्यक्त किया। समारोह में विकासखंड बैकुंठपुर के सभी शैक्षिक समन्वयक, संकुल प्राचार्य एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सभी अतिथियों का तिलक एवं बैज लगाकर स्वागत किया

# रजत जयंती महोत्सव : जिला स्तरीय पुस्तक मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

छग शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र पाल, रमेश सिंह तथा रविश गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से राजगीत का गायन किया गया। राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सभी अतिथियों का तिलक एवं बैज लगाकर स्वागत किया। अपर्णा सिंह, तनिषा, संजना अनुज और लवकुश ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि अरूण जायसवाल ने अपने उद्बोधन में छग राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से पुस्तकों से ज्ञानार्जन कर सशक्त छग के निर्माण के लिए आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. हिमधर ने अपने उद्बोधन में पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किताबें जीवन कौशल की राह दिखाती हैं और हमारी परम मित्र होती हैं। पुष्पराज सिंह ने अतिथियों को पुस्तक मेले में लगे विभिन्न बुक स्टॉल से परिचित कराया तथा भ्रमण करवाया। महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों से आए शिक्षक-विद्यार्थियों ने भी प्रेरक पुस्तकों का क्रय किया। बैकुंठपुर शहर के हरिओम बुक डिपो और प्रदीप पुस्तकालय के स्टॉल पर सबसे अधिक भीड़ देखी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. ए. देऊस्कर, डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय, भूपेन्द्र सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। आयोजन समिति की संयोजक श्रीमती जयश्री प्रजापति एवं सदस्य डॉ. प्रदीप द्विवेदी, डॉ. राम यश पाल, श्रीमती कंचन जायसवाल, डॉ. कुलदीप ओझा, पुष्पराज सिंह, संजय कुमार वर्मा, कु. आंशी पाटले तथा योगेश्वर साय ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कंचन जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती जयश्री प्रजापति ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यालयीन स्टाफ राजकुमार राजवाड़े, रासेयो स्वयंसेवक शशि पोर्ते, तौफिक खान, कृष्णा राजवाड़े, धनेश्वर, लवकुश, नीलम चौधरी, अपर्णा सिंह, नीरज, सुप्रिया, ललिता एवं रीता सक्रिय रहे।




### महाविद्यालय में रजत जयंती का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य स्तरीय सेमीनार का आयोजन, क्वीज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं ग्रुप डिस्कशन, रजत जयंती तीन दिवसीय पुस्तक मेला, रोजगार मेला का आयोजन, पोस्टर प्रतियोगिता, रैली तथा जनजागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़-नाटक, नशा उन्मूलन, पोषण एवं आहार पर आयोजन, हिन्दी पखवाड़े का आयोजन तथा भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में सात दिवसीय छग राज्य स्थापना के गौरवमयी 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में एवं वर्ष 2047 तक छग राज्य को विकसित राज्य बनाने के दृष्टि से शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रमों का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन एवं डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रा जया शर्मा बी.कॉम तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, साक्षी बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं राजकुमार बीए तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने छग राज्य की 25 वर्षो की उपलब्धियों पर



प्रकाश डाला तथा 2047 तक विकसित छग की कल्पना पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और संस्कृति के क्षेत्र में तेजी से प्रगति एवं डिजिटल तकनीकी मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दूसरे चरण में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छग सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराया गया। इसमें राजकुमार यादव बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, आयुष कुमार सिंह एमएससी रसायनशास्त्र तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं वारिस अहमद एमएम प्रथम सेमेस्टर, वंदना तिवारी एमएससी रसायनशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, साक्षी गुप्ता एमएससी रसायनशास्त्र प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं में पुस्तकों के प्रति प्रेम भावना बढ़ाने के लिए महाविद्यालय में भव्य पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न प्रकाशकों एवं संस्थाओं ने अपनी पुस्तकों का प्रदर्शन किया।

## हर दिन हर घर आयुर्वेद की गूंज



**मनेन्द्रगढ़।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर हर दिन हर घर आयुर्वेद परिकल्पना के अंतर्गत छग शासन एवं आयुष विभाग के आदेशानुसार जिला आयुष अधिकारी मनेन्द्रगढ़ के मार्गदर्शन में विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के बच्चों के बीच रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बच्चों ने हर दिन हर घर आयुर्वेद विषय को अपनी कल्पनाशीलता और कला कौशल से खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन स्पेशलाइंड थेरेपी सेंटर की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. पूर्णिमा सिंह और आयुष विभाग से आयुर्विधा कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. मेघा रानी गुप्ता ने किया। दोनों निर्णायकों ने उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ. मेघा ने बच्चों को स्वच्छता, सही नींद और पोषणयुक्त आहार की महत्ता के बारे में उपयोगी जानकारी दी, वहीं डॉ. पूर्णिमा सिंह ने आयुर्वेद एक जीवन का विज्ञान है विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निदेशक श्रीमती इंदिरा सेंगर, प्राचार्य संजय सेंगर और शिक्षिका श्रीमती संध्या सेंगर ने इस आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बैकुंठपुर में 11 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर से आए चिकित्सक डॉ. अभिषेक गड़ेवाल एवं डॉ. निलाभा देवनाथ का स्वागत विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पी. डनसना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर में




लगभग 488 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही डॉक्टरों ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता, व्यायाम एवं नियमित दिनचर्या अपनाने के सुझाव भी दिए। विद्यालय प्रशासन ने इस उपयोगी पहल के लिए डॉक्टरों एवं जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर का आभार व्यक्त किया।

### स्वास्थ्य शिविर में 365 ग्रामीणों का जांच

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार आधार सुधार कार्य के लिए शिविर का आयोजन मानस भवन बैकुंठपुर में 10 व 11 सितंबर को किया गया। इसमें जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्मों के मार्गदर्शन में आयुष विंग जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका लगभग 365 ग्रामीणों ने लाभ लिया। जिसके अंतर्गत शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन कार्यक्रमों जैसे




सियान जतन क्लिनिक, एनसीडी क्लिनिक, सुप्रजा कार्यक्रम, हर दिन हर घर आयुर्वेद, नशा मुक्त भारत अभियान व योग की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। साथ ही कुपोषण, रक्त अल्पता, रक्त शर्करा, उच्च रक्तचाप, प्राकृतिक चिकित्सा, योगा प्राणायाम का पोस्टर पंपलेट के माध्यम से जागरूकता के लिए प्रचार -प्रसार किया गया। शिविर में डॉ. खिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. रमाकांत कुर्रे, कु. किरण भगत , पिताम्बर, कुलवंत बेक, सुखभान सिंह का विशेष योगदान रहा।

## डीडब्ल्यूपीएस मनेन्द्रगढ़ को शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ ने एक बार फिर गर्व का पल महसूस किया है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने सी-फोर स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड जीतकर शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि के तहत विद्यालय को मनेन्द्रगढ़ का सर्वश्रेष्ठ डे को-एड स्कूल घोषित किया गया और नंबर-1 रैंकिंग प्रदान की गई।




यह सम्मान 10 सितंबर को नई दिल्ली स्थित होटल विवांता, द्वारका में आयोजित एक भव्य समारोह में दिया गया। पुरस्कार को सनबीम डायरेक्टर अभिनव सिंह ने ग्रहण किया। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि यह सम्मान सिर्फ संस्थान का ही नहीं बल्कि पूरे मनेन्द्रगढ़ का गौरव है। यह उपलब्धि विद्यालय के उच्च शैक्षणिक मानकों, बच्चों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और मूल्य-आधारित शिक्षा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय की डायरेक्टर पूनम सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और विद्यार्थियों की निरंतर लगन का परिणाम है।

## स्कूलपारा में तैयार हो गया अटल परिसर

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा जिला उपभोक्ता एवं प्रतितोष फोरम के बगल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की आदमकद प्रतिमा स्थापित कर सजावट का कार्य तेजी से पूर्ण करा रहा है। उक्त स्थल को अटल परिसर के रूप में नाम दिया गया है।




अटल परिसर का निर्माण कार्य हो गया और स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रतिमा 15 अगस्त के पूर्व ही स्थापित कर दिया गया है, जिसे वर्तमान में ढंका गया। परिसर के साज-सज्जा का काम शेष बचा है, जिसे जल्द पूरा कर लिए जाने का दावा किया जा रहा है, इसके पश्चात अटल परिसर का शुभारंभ किया जाएगा। हालांकि इसकी अभी तिथि नियत नहीं की गई है, जिस तरह से तेजी से कार्य पूर्ण कराया जा रहा है, उसे देखते हुए राज्य स्थापना दिवस पर नव निर्मित अटल परिसर का शुभारंभ किया जा सकता है, क्योंकि छग राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का अहम रोल रहा।

# साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा कानूनों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन और जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री कोमल सिंह के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछौड़ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़हंसवाही में बाल विवाह मुक्त छग अभियान के तहत विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को बालिकाओं की सुरक्षा और बाल विवाह रोकथाम से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा गुड टच और बैड टच की पहचान, साइबर सुरक्षा के महत्व तथा बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। उपस्थित विद्यार्थियों को चाइल्डलाइन आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा नंबर 112 तथा अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया, ताकि संकट की घड़ी में वे इनका उपयोग कर सकें। बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने का संदेश दिया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### देवी प्रतिमाओं को...

करने में जुट गए। मूर्तिकारों ने बताया कि उनके पास ज्यादातर देवी दुर्गा की मूर्तियों के पहले से आर्डर मिले हुए हैं, इसके अलावा बिना आर्डर के भी देवी दुर्गा की मूतियां बनाई गई है। मूर्तिकारों के अनुसार अब समय कम बचा हुआ है, इसके चलते दिन के साथ रात में भी काम करना पड़ रहा है। जिन समितियों के मूर्तियों के आर्डर मिले हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा कर रहे हैं ताकि समय पर मूर्तियों को दिया जा सके।

### गोंडवाना मरीन फॉसिल...

उसमे क्या बदलाव हुए। कैक्टस गार्डन और बम्बू सेटम भी विकसित किया गए हैं। प्राचीन पौधे भी लगाए गए हैं। लोग हसदेव नदी में ही बम्बू राफ्टिंग और बोटिंग का भी आनंद उठा सकते हैं। इस फॉसिल पार्क में नेचर ट्रेल का भी पर्यटक लुत्फ उठा रहे हैं। देश के दूसरे फॉसिल पार्क में अब तक इस तरह के फैसिलिटी नहीं है। सरगुजा संभाग में अब तक ज्यादातर पर्यटक मैनपाट को ही देखने आते रहे हैं। भारत में ऐसे जीवाश्म केवल चार अन्य स्थान सुबांसुरी अरुणांचल प्रदेश, राजहरा झारखंड, दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल और खेमगांव सिक्किम में पाए जाते हैं। गोंडवाना फॉसिल पार्क इन सभी में सबसे बड़ा और पुराना है। मनेन्द्रगढ़ का मरीन फॉसिल पार्क इसलिए विशेष हैं, क्योंकि यह एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा समुद्री जीवाश्म पार्क है। यह जीवाश्म हसदेव नदी के किनारे लगभग 1 किमी के क्षेत्र में फैला हुआ है, इसे राष्टीय भू-वैज्ञानिक स्मारक का दर्जा भी प्राप्त है। इसकी खोज 1954 में भू-वैज्ञानिक एसके घोष ने कोयला खनन के दौरान की थी। यहां से द्विपटली (बायवेल्व) जीव, गैस्ट्रोपॉड, ब्रैकियोपॉड, क्रिनॉइड और ब्रायोजोआ जैसे प्राचीन समुद्री जीवों के जीवाश्म मिले हैं, इसके चलते यह देशभर के शोधार्थी और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है, इसकी पुष्टि 2015 में बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ पैलेंटोलॉजी, लखनऊ के द्वारा भी की गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह क्षेत्र पर्मियन युग के समय समुद्र में डूबा हुआ था।

# किसान के खाते से निकली रकम चार साल बाद भी नहीं लौटी

**भैयाथान।** किसानों के मेहनत की गाढ़ी कमाई भी अब सहकारी बैंक में सुरक्षित नहीं है। ग्राम बंजा निवासी किसान जय सिंह गोंड (55वर्ष) के खाते से 98 हजार रूपये की संदिग्ध निकासी का मामला चार साल बाद भी अनसुलझा पड़ा है।

पीड़ित के अनुसार 23 मार्च 2019 को 49,000 रूपये तथा 3 अप्रैल को पुनः 49,000 रूपये उसके खाते से बिना जानकारी के निकाल लिए गए। उसने कलेक्टर, एसपी, बैंक प्रबंधन एवं सांसद तक से इसकी शिकायत की। जांच के दौरान नोडल अधिकारी ने भी माना कि निकासी के समय लगाया गया अंगूठा निशान और शिकायतकर्ता के वास्तविक निशान मेल नहीं खाते। इसके बावजूद पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजकर ठंडे बस्ते में डाल दिया है। किसान ने बैंक प्रबंधन और दलालों की मिलीभगत से जांच को प्रभावित करने का आरोप लगाया है तथा वर्षों से राशि की



वापसी के लिए दर-दर भटक रहा है। सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने अप्रैल 2021 में जांच कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को रिपोर्ट सौंप जांच दल गठित करने का अनुरोध किया था। प्रतिवेदन में जय सिंह आ.बड़कू राम के आवेदन पत्र पर अग्रणी बैंक सूरजपुर द्वारा आहरण पर्ची में अंगूठे का मिलान नहीं हो रहा है। जांच प्रतिवेदन पर आज तक मामले की जांच नहीं हो पाई। जय सिंह ने मामले में अपराध पंजीबद्ध नहीं होने पर तत्कालीन सांसद व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को आवेदन दिया था।




